## एक नजर में

### स्व-मूल्यांकन आधारित प्रणाली से संस्थानों को मिलेगी स्टार रेटिंग

**ग्वालियर, 27 अप्रैल।** श्रम विभाग द्वारा श्रमिकों की सुरक्षा, स्वास्थ्य एवं कल्याण सुनिश्चित करने के उद्देश्य से 'श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम' लागू किया गया है। यह स्व-मूल्यांकन आधारित, निष्पक्ष एवं स्वचालित प्रणाली है, जिसके माध्यम से पंजीकृत कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों को श्रम कानूनों के अनुपालन के आधार पर स्टार रेटिंग प्रदान की जाएगी। इस पहल से श्रम कानूनों के पालन को बढ़ावा मिलने के साथ पारदर्शिता, जवाबदेही और कार्य-संस्कृति में सुधार सुनिश्चित होगा। ग्वालियर जिले की औद्योगिक इकाईयों, संस्थानों व कारखानों से इस सुविधा का अधिक से अधिक लाभ उठाकर श्रम कानूनों के पालन की व्यवस्था को सुदृढ़ करने में सहयोग देने की अपील की गई है। श्रम विभाग द्वारा श्रम सेवा पोर्टल के माध्यम से पंजीकृत संस्थानों के लिए यह महत्वपूर्ण पहल शुरू की गई है। 'श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम' के अंतर्गत संस्थान स्वयं अपने यहां श्रम कानूनों के अनुपालन संबंधी जानकारी पोर्टल पर दर्ज करेंगे, जिसके आधार पर उनका मूल्यांकन कर स्टार रेटिंग प्रदान की जाएगी। यह प्रणाली अनुपालन प्रक्रिया को सरल, पारदर्शी और प्रभावी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे श्रमिकों के लिए सामाजिक सुरक्षा के दायरे का विस्तार होगा, श्रम मानकों के पालन को प्रोत्साहन मिलेगा तथा संस्थानों के बीच सकारात्मक प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा मिलेगा। श्रम विभाग ने सभी संबंधित कारखानों, दुकानों एवं अन्य वाणिज्यिक संस्थानों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में 'श्रम स्टार रेटिंग सिस्टम' का लाभ उठाएं और अपने संस्थानों में श्रम कानूनों के अनुपालन को और अधिक सुदृढ़ बनाएं। विभाग का मानना है कि इस व्यवस्था से श्रमिक हितों की बेहतर सुरक्षा सुनिश्चित होने के साथ उद्योगों और संस्थानों में उत्तरदायी एवं सुरक्षित कार्य वातावरण को बढ़ावा मिलेगा।

### नरवाई जलाने वाले 165 लोगों पर लगभग 8 .69 लाख का जुर्माना

**ग्वालियर, 27 अप्रैल।** ग्वालियर जिले में खेतों में ही नरवाई व अन्य फसल अवशेष जलाने वालों के खिलाफ जिले में लगातार सख्त कार्रवाई जारी है। कलेक्टर रुचिका चौहान के कड़े निर्देशों के अनुपालन में अब तक भितरवार व डबरा अनुविभाग के अंतर्गत कानून का उल्लंघन कर खेतों में आग लगाने वाले 165 व्यक्तियों पर लगभग 8 लाख 69 हजार रुपये का जुर्माना राजस्व अधिकारियों द्वारा लगाया जा चुका है। इसमें से सोमवार 27 अप्रैल को भितरवार अनुविभाग के अंतर्गत नरवाई जलाने वाले 25 व्यक्तियों पर लगभग 01लाख 48 हजार रुपये का जुर्माना अधिरोपित किया गया था। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि फसल अवशेष जलाना न केवल एक कानूनी अपराध है, बल्कि यह धरती और पर्यावरण के लिए 'धीमा जहर' है। आग से भूमि के मित्र सूक्ष्म जीव और जैविक कार्बन नष्ट हो जाते हैं, जिससे उपजाऊ जमीन बंजर होने लगती है।इससे उत्पन्न होने वाला धुआं वायु प्रदूषण का स्तर बढ़ाता है, जो जनस्वास्थ्य के लिए घातक है। जिला प्रशासन ने किसानों से पुनः अपील की है कि वे फसल अवशेषों को जलाने के बजाय नरवाई प्रबंधन के आधुनिक व वैकल्पिक तरीके अपनाएं। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि पर्यावरण और मृदा स्वास्थ्य से खिलवाड़ करने वालों के विरुद्ध भविष्य में और भी कठोर दंडात्मक कदम उठाए जाएंगे।

### सभी व्यापारी बनवाएँ ट्रेड लाइसेंस

ग्वालियर 27 अप्रैल। नगर निगम ग्वालियर सीमांतर्गत सभी व्यापारी नगर निगम से ट्रेड लाइसेंस लें और अपना व्यापार सुगमता से करें। इसके लिए नगर निगम द्वारा सभी को ट्रेड लाइसेंस प्रदान किया जा रहे हैं। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय के निर्देशानुसार नगर निगम सीमांतर्गत आने वाले सभी छोटे-बड़े व्यापारियों को सुव्यवस्थित तरीके से ट्रेड लाइसेंस जारी किए जा रहे हैं। नगर निगम का मुख्य उद्देश्य यह सुनिश्चित करना है कि शहर का हर व्यापारी बिना किसी प्रशासनिक बाधा के अपना व्यवसाय संचालित कर सके। नगर निगम ग्वालियर ने सभी व्यापारियों से अपील की है कि वे अपनी जिम्मेदारी समझते हुए समय पर अपना ट्रेड लाइसेंस बनवाएं। जो व्यापारी पहले से व्यवसाय कर रहे हैं और जिनके पास ट्रेड लाइसेंस नहीं है, वे आवेदन कर इस सुविधा का लाभ उठाएं तथा जिनके ट्रेड लाइसेंस पहले से बने हैं वे रिन्यूअल करा लें।

### लंबे समय से अनुपस्थित रहने पर 9 विनियमित कर्मचारियों की सेवा समाप्त

ग्वालियर 27 अप्रैल। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा लगातार बिना सूचना अनुपस्थित रहने वाले कर्मचारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जा रही है। इसी के अंतर्गत आज सोमवार को लंबे समय से बिना सूचना के अनुपस्थित रहने पर 9 विनियमित कर्मचारियों की सेवा समाप्त की गई। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा जारी आदेशानुसार हेमंत पुत्र पूरन विनियमित सफाई संरक्षक वार्ड 46 बिना सूचना के अगस्त 2025 से अनुपस्थित रहने पर, बृजेन्द्र यादव पुत्र रूपसिंह विनियमित कुशल कार्यशाला पिछले 4 वर्ष से अनुपस्थित, ज्ञान सिंह पुत्र रामस्वरूप विनियमित कुशल कार्यशाला पिछले 6 वर्ष से अनुपस्थित, प्रवीण सर्जे पुत्र प्रकाश सर्जे विनियमित अर्द्धकुशल कार्यशाला पिछले 1 वर्ष से अनुपस्थित, हबीब खान पुत्र मुन्ने खान विनियमित अकुशल कार्यशाला पिछले 7 वर्ष से अनुपस्थित, दिलीप सिंह पुत्र एमएम राजपूत विनियमित कुशल कार्यशाला पिछले 7 वर्ष से अनुपस्थित, रविन्द्र सिंह पुत्र विजय सिंह सिकरवार विनियमित कुशल कार्यशाला पिछले 7 वर्ष से अनुपस्थित, बलकार सिंह विनियमित अकुशल पार्क 07 जनवरी 2026 से अनुपस्थित एवं विष्णू राजपूत विनियमित अकुशल पार्क 16 मार्च से अनपुस्थित रहने पर सभी की सेवा समाप्त की गई।

### अधिकारियों एवं कर्मचारियों के कार्यों में फेरबदल

ग्वालियर 27 अप्रैल। कार्य सुविधा एवं प्रशासनिक दृष्टि से अधिकारियों के कार्यों में फेरबदल किया गया है। नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय द्वारा जारी निर्देशानुसार संजीव झा उपयंत्री को क्षेत्राधिकारी सह भवन निरीक्षक क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 17 का दायित्व सौंपा गया है। इसके साथ ही प्रकाश अहिरवार क्षेत्राधिकारी क्षेत्र क्रमांक 18 एवं सह भवन निरीक्षक को क्षेत्रीय कार्यालय क्रमांक 17 के अतिरिक्त दायित्व से मुक्त किया जाता है, अहिरवार के शेष कार्य यथावत रहेगें। साथ ही रमेश चन्द्र शर्मा, प्रभारी सहायक कार्यालय अधीक्षक को प्रभारी कार्यालय अधीक्षक का दायित्व एवं गौरव कुमार सविता सहायक राजस्व निरीक्षक को अपने वर्तमान कार्य के साथ साथ प्रभारी सहायक कार्यालय अधीक्षक का दायित्व सौंपा गया है।







# सनातन धर्म मंदिर का मना 100 वाँ स्थापना दिवस

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 अप्रैल।** सनातन धर्म मंदिर में इस वर्ष 100वां स्थापना दिवस और भगवान चक्रधर का 83वां प्रतिष्ठा उत्सव

**10 क्विंटल का लगा छप्पन भोग**

श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मोहिनी एकादशी के पावन अवसर पर आयोजित इस भव्य कार्यक्रम को लेकर मंदिर परिसर में विशेष तैयारियां की गई थी । पूरे मंदिर को आकर्षक सजावट से सुसज्जित किया गया श्रद्धालुओं की सुविधा को ध्यान में रखते हुए विस्तृत व्यवस्थाएं भी की गई थी। मंदिर के स्थापना दिवस पर भगवान के दर्शन के लिए सुबह से शाम तक भक्तों का तांता लगा रहा। इस ऐतिहासिक अवसर को और भव्य बनाने के लिए मंदिर प्रांगण में एक विशाल मंच का निर्माण किया गया है। कार्यक्रम में प्रमुख आकर्षण भगवान चक्रधर के समक्ष अर्पित किया जाने वाला विशाल छप्पन भोग रहा इस वर्ष लगभग 10 क्विंटल छप्पन भोग तैयार किया गया था

### शाम को लगा छप्पन भोग

शाम 6 बजे भगवान चक्रधर के समक्ष छप्पन भोग अर्पित किया गया। इसके दर्शन के लिए बड़ी संख्या में श्रद्धालु मंदिर पहुंचे थे। आयोजन के दौरान भजन-कीर्तन और धार्मिक प्रवचन भी आयोजित किए गए जिससे पूरा वातावरण भक्तिमय हो गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में राज्य वित्त आयोग के अध्यक्ष जयभान सिंह पवैया उपस्थित रहे। इस अवसर पर करह धाम के महंत दीनबंधु दास महाराज को चक्रधर सम्मान-2026 से सम्मानित किया गया। मंदिर के स्थापना दिवस के अवसर पर सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा श्रद्धालु दूर-दूर से आकर भगवान चक्रधर के दर्शन लाभ लेते रहे।

### सुबह से शुरु हुए धार्मिक अनुष्ठान

कार्यक्रम का शुभारंभ प्रातः 7 :30 बजे शहनाई वादन के साथ हुआ। इसके बाद भगवान चक्रधर और गिरिराजधरण का विशेष अभिषेक कर उनका मनमोहक श्रृंगार किया गया। प्रातः 9 बजे भगवान के विवाहों का पूर्णाभिषेक किया गया। साथ ही फूल बंगला सजाया गया। छप्पन भोग को पुष्टिमार्गीय परंपरा के अनुसार पूर्ण शुद्धता के साथ तैयार किया गया था। इसके लिए मथुरा से विशेष कारीगरों को आमंत्रित किया था,जिन्होंने मंदिर परिसर में ही प्रसाद तैयार किया था। यह भोग न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि इसकी भव्यता भी भक्तों को आकर्षित कर रही थी। अध्यक्ष विजय गोयल ने बताया कि मंदिर समिति के अनुसार, इस आयोजन में हजारों श्रद्धालुओं के शामिल हुए।

# गोल पहाड़िया से अवैध हथियार के साथ बदमाश गिरफ्तार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 अप्रैल।** जनकगंज थाना पुलिस ने एक शातिर बदमाश को दबोचने में सफलता हासिल की है। आरोपी किसी बड़ी वारदात को अंजाम देने की फिराक में अवैध कट्टे के साथ गोल पहाड़िया इलाके में खड़ा था। पुलिस टीम को सूचना मिली कि तुलसी गार्डन, गोल पहाड़िया के पास एक संदिग्ध व्यक्ति हथियार लेकर खड़ा है। पुलिस टीम ने मौके पर पहुंचकर घेराबंदी की। पुलिस को देखकर आरोपी ने भागने की कोशिश की, लेकिन टीम ने उसे तत्परता से पकड़ लिया। तलाशी लेने पर आरोपी की कमर से 315 बोर का एक देशी कट्टा और उसमें लोड एक जिंदा कारतूस बरामद हुआ। पूछताछ में पकड़े गए युवक ने अपना नाम रोहित शाक्य 23 वर्ष, निवासी लक्ष्मीगंज बताया। पुलिस रिकॉर्ड की जांच करने पर सामने आया कि आरोपी के खिलाफ थाना जनकगंज में पहले से ही 2 आपराधिक मामले दर्ज हैं। ताज़ा मामले में पुलिस ने आरोपी के विरुद्ध धारा 25/27 आर्म्स एक्ट के तहत प्रकरण पंजीबद्ध किया है।

### ताला तोड़कर दुकान से 1.20 लाख नकदी चोरी

ग्वालियर। दुकान का ताला तोड़कर चोर नकदी 1 लाख 20 हजार रुपये के साथ ही सामान चोरी कर ले गए। घटना गिरवाई थाना क्षेत्र के भारत पेट्रोल पंप के सामने बीती रात की है। घटना का पता चलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है। गिरवाई थाना क्षेत्र निवासी विजय कुशवाह पुत्र राजू कुशवाह किराना कारोबारी है। बीती रात दुकान का काम खत्म कर वह अपने घर चले गए थे। सुबह जब दुकान पर पहुंचे तो ताले टूटे मिले। अंदर झांक कर देखा तो सामान बिखरा पड़ा था। मामला समझ में आते ही पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच के बाद मामला दर्ज कर लिया है।





# स्वस्थ रहने के लिए पर्यावरण की देखभाल जरूरी : शोभा सिकरवार

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 अप्रैल।** जीवन में स्वथ्स्य रहने के लिये एक ओर शारीरिक व्यायाम आवश्यक है वहीं दूसरी ओर पर्यावरण का ध्यान रखना हम सबकी जिम्मेदारी है। अगर हम स्वच्छता को अपनायेंगे तो स्वस्थ्य रहेंगे व आने वाली पीढ़ियों को हरा-भरा वातावरण देकर जायेंगे। यह बात महापौर डॉ. शोभा सिकरवार ने रोटरी क्लब ग्वालियर द्वारा आयोजित चिकित्सा शिविर में मुख्य अतिथि के रूप में कही। समर्पण मनोरमा जीवाजी नगर ग्वालियर पर अयोजित कार्यक्रम में महापौर ने कहा कि मानव सेवा सर्वोत्तम कार्य है और इसिलये चिकित्सा शिविर के माध्यम से हम जरूरतमंद व्यक्तियों की सेवा कर पाते हैं। विशिष्ट अतिथि जैन समाज मुरार के अध्यक्ष दिनेश जैन ने सभा को संबोधित करते हुये कहा कि प्रतिदिन लगने वाले चिकित्सा शिविर समर्पण मनोरमा की समाज को एक देन है। रोटरी रीजनल मेडीकल मिशन के अध्यक्ष एवं पूर्व प्रांतपाल भूपेन्द्र जैन विशेष रूप से उपस्थित थे।

समर्पण मनोरमा के संस्थापाक जी.डी. लड्ढा ने स्वास्थ्य सेवाओं में किये जा रहे प्रयासों की जानकारी, नि:शुल्क भोजन वितरण कैंसर अस्तपाल एवं अन्य क्षेत्रों में किया जा रहा है उसके बारे में जानकारी दी।

रोटरी क्लब के अध्यक्ष रोहित जैन, राजीव मिश्रा, प्रेरणा चतुर्वेदी, परासमल पारख, राजकुमार शिवहरे, कोषाध्यक्ष राकेश मलहोत्रा, वरिष्ठ नागरिक सेवा संस्थान के अध्यक्ष इंजी. एस. के. गुप्ता ने अतिथियों का स्वागत किया। भारत विकास परिषद संस्कृति शाखा की अध्यक्ष नीलम समाधिया ने कहा अगले माह 27 मई को परिषद की ओर से चिकित्सा शिविर आयोजित किया जायेगा। कार्यक्रम में पूजा सिंह, प्रेरणा चतुर्वेदी दिलीप जैन आदि ने भी सेवा के क्षेत्र में किये जा रहे कार्यों की जानकारी दी। मंच पर रोटरी के आगामी प्रांतपाल डॉ. प्रदीप पाराशर सहित अन्य लोग उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन संयोजक मुकेश थरानी ने किया। आभार प्रदर्शन मनीष चतुर्वेदी ने माना। इस अवसर पर राजेन्द्र अग्रवाल, भावना शिवहरे, उदित चतुर्वेदी, प्रतीक जैन, सुभाष जैन, रमेश जैन बाबूजी, राकेश जैन, धर्मेन्द्र जैन, इंजी. बृजेश जैन आदि उपस्थित थे।

# स्वच्छता का संकल्प निकला दावों का ढेर


संजीव कुमार शर्मा

**ग्वालियर 27 अप्रैल.** नगर निगम एक ओर जहां शहर को स्वच्छता सर्वेक्षण में नंबर वन लाने के लिए हजारों दावे कर रहा है, वहीं दूसरी ओर हकीकत इन दावों की पोल खोलती नजर आ रही है। विडंबना देखिए कि जिस जल विहार परिसर में शहर के चुने हुए पार्षद बैठकर स्वच्छता के प्रस्ताव पास करते हैं, उसी परिषद के ठीक बाहर गंदगी का साम्राज्य फैला हुआ है।

### पार्षदों की दहलीज पर कचरा और काई

जल विहार स्थित परिषद कार्यालय, जो ग्वालियर की स्वच्छता की योजनाएं बनाने का केंद्र है, वर्तमान में खुद सफाई की बाट जोह रहा है। परिषद के बाहर चारों तरफ गंदा पानी जमा है और उस पर जमी गाढ़ी काई निगम की कार्यप्रणाली पर सवालिया निशान लगा रही है। पानी के ऊपर तैरता कूड़ा-करकट और प्लास्टिक की बोतलें यह बताने के लिए काफी हैं कि जिम्मेदारों की नजर अपनी ही नाक के नीचे नहीं जा रही है।





### दम तोड़ती मछलियां और सैलानियों की परेशानी

जल विहार एक प्रमुख पर्यटन स्थल भी है, जहाँ प्रतिदिन सैकड़ों सैलानी घूमने आते हैं। लेकिन वर्तमान में यहाँ की स्थिति दयनीय है।

दुर्गंध का आलम: पानी के सड़ांध और गंदगी के कारण सैलानियों का वहां रुकना दूभर हो गया है।

जलीय जीवन पर संकट: गंदे पानी के कारण तालाब में मछलियां मर रही हैं, जिससे स्थानीय लोगों और पशु प्रेमियों में भारी आक्रोश है।

सैलानियों की निराशा: दूर-दराज से आने वाले लोग शहर की इस 'सुंदरता' को देखकर निगम प्रशासन को कोसते नजर आ रहे हैं।

### नागरिकों की अपील: प्रशासन और जनता दोनों की जिम्मेदारी

मामले को लेकर शहरवासियों की मिली-जुली प्रतिक्रिया सामने आई है। जहां एक पक्ष नगर निगम की लापरवाही पर गुस्से में है, वहीं कुछ जागरूक नागरिकों ने सैलानियों और आम जनता को भी आईना दिखाया है।



'शहर को स्वच्छ बनाना केवल प्रशासन का काम नहीं है। यह हम सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। हम अपने घर को साफ रखते हैं, तो गलियों और सार्वजनिक स्थलों को गंदा क्यों करते हैं?

'रोहित पाठक स्थानीय नागरिक




न नि अपने ही मुख्य कार्यालय और ऐतिहासिक स्थलों को साफ नहीं रख पा रहा है, तो पूरे शहर को स्वच्छ बनाने का संकल्प केवल कागजी ही प्रतीत होता है। अब देखना यह है कि इस खबर के बाद 'स्वच्छ ग्वालियर' का नारा केवल नारों तक ही सीमित रहेगा।

एड. आशुतोष दुबे

# गर्मी से राहत देने बस स्टैंडों पर लगाई खसखस की टटिया

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 अप्रैल।** ग्वालियर में इस समय भीषण गर्मी पड़ रही है, तापमान 44 डिग्री पर पहुंच रहा है, ऐसे में बस से यात्रा करने के लिए आने वाले यात्रियों को राहत देने के लिए नगर निगम आयुक्त संघ प्रिय एवं अपर आयुक्त टी प्रतीक राव के निर्देश पर डीबी मॉल के पीछे स्थित बस स्टैण्ड एवं नाका चंद्रवदनी बस स्टैण्ड पर खसखस की टटियां लगाई गई हैं, जिन पर पानी का छिड़काव भी किया जा रहा है, जिससे यात्रियों को काफी राहत मिली है। भीषण गर्मी से शहरवासियों को राहत देने के लिए नगर निगम द्वारा नित नई पहल की जा रही है, नगर निगम ने रेड सिग्नल पर पहले ग्रीन नेट लगाकर लोगों को धूप से राहत प्रदान की थी, इसके साथ ही जगह-जगह पानी की प्याऊ लगाई है। अब नगर निगम ने यात्रियों को राहत देने के लिए बस स्टैंडों पर खसखस की टटिया लगवाई हैं, जिससे बस के इंतजार में बैठे यात्रियों को लपट से बचाया जा सके।



# आईटीएम में सिंगर गजेंद्र वर्मा ने चलाया संगीत का जादू

नवभारत न्यूज

**ग्वालियर 27 अप्रैल।** आईटीएम में तीन दिवसीय टेकफेस्ट 'क्रोनोज-2026' का समापन पुरस्कार वितरण और सेलीब्रिटी नाइट के साथ हुआ। जहां समापन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्लांट हेड संतोष काबरा शामिल हुए। वहीं शाम को सिथौली कैंपस

**तीन दिवसीय टेकफेस्ट 'क्रोनोज-2026' का हुआ समापन**

स्थित नाद एम्फीथिएटर में प्रसिद्ध गायक गजेंद्र वर्मा का लाइव कांसर्ट शुरू हुआ जो देर रात तक चला। यहां गायक गजेंद्र वर्मा ने बॉलीवुड गीतों की प्रस्तुति दी तो नाद एम्फीथिएटर युवा स्टूडेंट्स की आवाज से गूंज उठा। इस अवसर पर आईटीएम यूनिवर्सिटी की चांसलर रुचि सिंह, प्रो-चांसलर डॉ. दौलत सिंह चौहान, आईटीएम की निदेशक डॉ. मीनाक्षी मजूमदार, डीन अकादमिक डॉ. एसएस चौहान, डीन एडमिनिस्ट्रेशन डॉ. प्रशांत श्रीवास्तव, डीन आईक्यूएसी डॉ. राजीव सिंह राठौर, डीएसडब्ल्यू डॉ. नितिन दीक्षित सहित विभिन्न विभागों के विभागध्यक्ष, डीन, प्रोफेसर, एसोसिएट प्रोफेसर असिस्टेंट प्रोफेसर सहित बड़ी संख्या में स्टूडेंट्स ने अपनी मौजूदगी दर्ज कराई।



सिंगर गजेंद्र वर्मा ने 'इस दर्द-ए-दिल की सिफ़ारिश अब कर दे कोई यहां कि मिल जाए इसे वो बारिश, जो भिगा दे पूरी तरह...' गाने की प्रस्तुति दी तो दर्शक दीर्घा में मौजूद युवा स्टूडेंट्स झूम उठे। इसके बाद उन्होंने 'इसमें तेरा घाटा, मेरा कुछ नहीं जाता।ज्यादा प्यार हो जाता तो मैं सह नहीं पाता...।' की प्रस्तुति दी। फिर उन्होंने 'मन मेरा जाने ना ये क्या हुआ...।, चल छैयां-छैयां, छैया...।, मिलो न तुम तो हम घबराएं, मिलो तो आंख चुराएं...।, इश्क मेरा दर्द मेरा...। तुझसे दूर जो होता हूं...यादों में खो जाता हूं...। एक से बढ़कर एक बॉलीबुड गानों की प्रस्तुति दी। इस दौरान उनके गानों की धुनों पर दर्शक दीर्घा में मौजू छात्र-छात्राएं उल्लास पूर्वक थिरकते हुए नजर आए।

टेकफेस्ट 'क्रोनोस-2026' ने न केवल तकनीकी उत्कृष्टता और नवाचार को एक सशक्त मंच प्रदान किया, बल्कि छात्र-छात्राओं की रचनात्मकता, प्रतिभा और टीम भावना को भी नई दिशा दी। सेलिब्रिटी नाइट के साथ इसका समापन केवल एक कार्यक्रम का अंत नहीं, बल्कि उन सुनहरे और यादगार पलों की शुरुआत है, जिन्हें विद्यार्थी जीवनभर संजोकर रखेंगे। यह संध्या संगीत, नृत्य, उत्साह और आनंद का ऐसा अद्भुत संगम सिद्ध हुई, जिसने प्रत्येक उपस्थित व्यक्ति के मन में अमिट छाप छोड़ दी।

### सेलीब्रिटी नाइट में पहले भी कई ख्यातिनाम कलाकार कर चुके हैं परफॉर्म

गौरतलब है कि इससे पहले भी आईटीएम की सेलीब्रिटी नाइट में कई ख्यातिनाम कलाकार परफॉर्म करने आ चुके हैं। इंडिपेंडेंट और बालीवुड म्यूजिक इंडस्ट्रीज की दमदार जोड़ी सलमान-जमान, बॉलीवुड प्लेबैग सिंगर अंकित तिवारी, बॉलीवुड सिंगर नीति मोहन, जुबिन नौटियाल, पेपॉन, अर्जित सिंह, इरफान खान, केके, शिल्पा राव, सागनिक सेन, जावेद अली, यूफोरिया बैंड, जल बैंड, आर्यन बैंड, जसराज एंड लंबाडा बैंड के लाइव इन कांसर्ट व कई पद्मश्री और पद्मभूषण पुरस्कार प्राप्त कलाकार इस मंच पर आ चुके हैं। इस दौरान इन सभी ने संगीत का ऐसा जादू चलाया कि सिर्फ ग्वालियर ही नहीं बल्कि दूसरे शहरों में भी इन कांसर्ट की चर्चा रही। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि सुप्रीम इंडस्ट्रीज लिमिटेड के प्लांट हेड संतोष काबरा ने टेकफेस्ट 'क्रोनोज-2026' के सफल आयोजन की सराहना करते हुए छात्र-छात्राओं को उद्योग जगत की आवश्यकताओं के अनुरूप कौशल विकसित करने, नवाचार को अपनाने एवं व्यावहारिक ज्ञान अर्जित करने के लिए प्रेरित किया। अतिथियों द्वारा विजेताओं को नकद पुरस्कार, ट्रॉफी और सर्टिफिकेट्स प्रदान किए गए।